# छठ पर्व से पूर्व तालाबों की साफ–सफाई युद्व स्तर पर जारी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 अंतर्गत पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, सब्जी मार्केट, निर्माणाधीन सुलभ शौचालय सहित बैकुण्ठधाम तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा किया गया। आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर की साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ तालाबों की सफाई भी युद्व स्तर पर कराया जा रहा है। जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर एवं सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया गया। दीपावली त्यौहार होने के कारण बाजारों में अत्यधिक भीड़ व खदीदी ब्रिकी हुआ है। जिससे बाजारों में कचरा भी फैला हुआ था, जिसे सफाई कर्मी लगाकर सभी कचरों को एकत्र कर हटवाया गया है। समीपस्थ डी.एम.एफ. मद से निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का अवलोकन किया गया। इस शौचालय के निर्माण से व्यापारी एवं आम नागरिको को सुविधा होगी। सुलभ निर्माण का कार्य शीध्र पूर्ण निर्देशित किया गया है। बैकुण्ठधाम तालाब में छठ पर्व मनाया जाता है, इस हेतु तालाब की साफ–सफाई कराया जा रहा है। तालाब से कचरे के साथ–साथ पूजा सामग्रियो का भी डाला गया था, जिसे निकालकर अलग किया जा रहा है। साथ ही प्रकाश व्यवस्था हेतु लाईटो का संधारण करने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, श्याम ठाकुर, जोनल विनोद, महफूज उपस्थित रहे।

